वीयू – कुलपति ने किया मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय का निरीक्षण

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में विश्वविद्यालय के नवागत माननीय कुलपति प्रो. मनदीप शर्मा जी ने आज दिनांक 29/8/24 औचक निरीक्षण किया जिसके दौरान उन्होंने महाविद्यालय में संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की कक्षा व्यवस्थाएं तथा महाविद्यालय में विभिन्न विषयों की प्रयोगशालाएं,

लाइब्रेरी, कंप्यूटर रूम, सेंट्रल लैब, परीक्षा कक्ष, सभागार तथा विभिन्न विषयों के 7 पृथक विभागों का भी निरीक्षण किया, इस दौरान माननीय कुलपति जी ने अधिष्ठाता डॉ एसके महाजन एवं महाविद्यालय के

प्राध्यापकों के साथ समीक्षा बैठक भी की जिसमें उन्होंने महाविद्यालय की विस्तार एवं शैक्षणिक गतिविधियों की साथ ही समस्याओ को भी जाना तथा शिक्षण कार्य को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। सभी प्राध्यापकों को रिसर्च प्रोजेक्ट हेतु कहा गया। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक कॉलेज में कुछ महीनो के अंदर रिव्यू भी किया जाएगा जिसमें टीचिंग लोड, रिसर्च प्रोजेक्ट, परियोजनाओं की अन्य गतिविधियां आदि की जानकारी ली जाएगी जिससे आगे चलकर उन्हें और मजबूत किया जाए। उन्होंने

आईसीएआर के संस्थाओं के साथ अनुबंध करने हेतु भी जोर दिया जिससे शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में छात्र–छात्राओं व प्रदेश के मत्स्य पालकों के लिए और बेहतर बनाया जा सके।

कुलपति महोदय जी ने महाविद्यालय की सभी उपलब्ध व्यवस्थाओं को और बेहतर करने हेतु कहां और इस काम को एक चुनौती रूप लेने हेतु अधिष्ठाता एवं सभी प्राध्यापकों को कहा जिससे प्रदेश के एकमात्र मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय को देश के उत्कृष्ट महाविद्यालयों में गिना जा सके।

इस दौरान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. शशिकांत महाजन, प्राध्यापगण में माधुरी शर्मा डॉ. सोना दुबे, डॉ. प्रीति मिश्रा, डॉ. रामकिंकर मिश्रा तथा टीचिंग एसोसिएट्स उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर